## न्यूज ब्रीफ

### युवती को लेकर युवक फरार, दी तहरीर

भमोरा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि शनिवार देर रात कासगंज पटियाली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक उसकी पुत्री को पड़ोसी पति पत्नी व उनके पुत्रों के सहयोग से बहले फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। पड़ोसियों से शिकायत करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। थाना पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की।

### राजश्री में तीन दिनी आह्वान आज से

रिठौरा। राजश्री ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट 17 वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इसे आह्वान-2026 का नाम दिया गया है। इस दौरान इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का मंच पर प्रदर्शन करेगी। इसमें क्रीड़ा, प्रबंधन और तकनीकि प्रतियोगिताओं वेव ऑफ डांस, बिजनेस बज, कलाकृति, द हीलिंग वाक, रंगतरंग, टेकमाइंड, फन फ्यूजन, हेल्थ हस्टले एवं अनप्लग्ड हार्टबीट के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। 26 फ़रवरी को स्टार नाइट का आयोजन किया जायेगा । जिसमें भारतीय गायिका असीस कौर अपने स्वरों का जादू बिखेरेंगी।

### जल व पर्यावरण संरक्षण पर चला जागरूकता अभियान

आंवला। डॉ0 राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, आंवला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन छात्र-छात्रा स्वयंसेवियों ने चयनित मोहल्ला मोहब्बतगंज गौटिया व ग्राम रहटुईया में जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया ।बौद्धिक सत्र में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष ने दैनिक जीवन में योग एवं व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. देवीशरण व डा. सौरभ कुमार द्वारा किया गया।

### शिविर में डिजिटल जागरूकता पर विशेष अभियान

मीरगंज, अमृत विचार : एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने चुरई दलपतपुर गांव का भ्रमण कर डिजिटल जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को डिजिटल तकनीक के महत्व, उपयोग तथा उसके लाभ एवं हानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, , सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन पंजीकरण तथा मोबाइल ऐप्स के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. के. प्रधान ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को कुचला

## नैनीताल रोड पर सेमीखेड़ा के पास हादसा, मौत से परिवार में मातम

संवाददाता, देवरनियां



मृतक तेजपाल

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड़ सेमीखेड़ा के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की जान चली गई। बाइक में पेट्रोल भरवाकर लौटते समय यह हादसा हुआ।

भीकमपुर , कोतवाली देवरनिया निवासी तेज पाल मौर्य (25 ) मोटरसाइकिल से सेमीखेड़ा स्थित पंप पर पेट्रोल डलवाने गया था। तेल भरवाने के बाद जैसे ही युवक वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था । तभी पीछे से आ रही ।एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे युवक सड़क पर गिर गया। घायल तेजपाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने शुरू की जांच, कार चालक की तलाश जारी घटना की सूचना मिलते ही देवरनियाँ पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तेजपाल की मौत पर परिवार में कोहराम मचा है।

### आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : मंगलवार को अगरास शंखा रोड पर आमने सामने से दो बाइक भिड़ने से दोनो बाइक के चालक घायल हो गये ।पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया है । जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बहेड़ी के गांव नारायन नगला निवासी बब्लू किसी काम से बाइक के द्वारा बरेली जा रहे थे ।कस्बा शीशगढ़ निवासी इकबाल बाइक के द्वारा बरेली से घर लौट रहे थें ।दोपहर के बाद करीब 2 बजे दोनो अगरास शंखा रोड पर आमने सामने से भिड़ गये ।हादसे में सिर में चोट लगने के कारण दोनो गंभीर घायल हो गये ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को एंबुलेंस के द्वारा बरेली अस्पताल भेज दिया ।टक्कर इतनी जबरजस्त थी ।दोनो की बाइक आगे से क्षतिग्रस्त हो गई।

## स्कूल के लिए घर से निकलीं तीन छात्राएं लापता

**मीरगंज, अमृत विचार:** सोमवार को एक ही इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली तीन नाबालिग छात्राएं सोमवार संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वह स्कूल न जाकर अपनी दो सहेलियों के साथ उनके घर पहुंच गईं। परिजनों के मुताबिक तीनों छात्राओं ने वहां कपड़े बदले और इसके बाद कहीं अन्य स्थान के लिए निकल गईं। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास व रिश्तेदारों में तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। तीनों के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है।

पुलिस मोबाइल से काल डिटेल और अन्य माध्यमों से जांच पड़ताल कर रही है। स्कूल संचालक भी तीनों लापता छात्राओं को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं।

# बाउंड्री बनाने को लेकर मारपीट का आरोप

- पीड़िता की तहीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

संवाददाता,नवाबगंज

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के ग्राम अख्तियारपुर नवदिया में निर्माणाधीन दीवार को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और छेड़छाड़ तक जा पहुंचा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी कुरैशा बी पत्नी मुजफ्फर अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोसी फरजंद अली अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान उन्होंने उसकी जमीन में बाउंड्री खड़ी कर कब्जा करने की कोशिश की। 20 फरवरी को दोपहर करीब तीन बजे जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया।

पीड़िता का कहना है कि फरजंद अली अपने पुत्रों शाहिद अली, वाहिद अली, राहत अली, नामे अली उर्फ छोटू और शाहिर अली के साथ उसके घर में घुस आए। सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अभद्रता भी की गई। शोर सुनकर जब उसका बेटा मुनाजिर अली बचाव में आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी।

घटना में मां-बेटे को चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और परिवार को लगातार धमका रहे हैं। थाना नवाबगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## जबरन ऑपरेशन का दबाव बनाने पर तहरीर

**बहेड़ी, अमृत विचार** :एक अस्पताल के स्टॉफ पर ज़बरदस्ती ऑपरेशन करने का दबाव बनाने और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर भी दी गई है।

गांव रजपुरा के तेज राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बाइक से नील गाय के टकराने से दाहिने हाथ की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया था। 23 फरवरी को बहेड़ी बाईपास स्थित एक अस्पताल में गया था, वहां डॉक्टर नहीं थे। स्टॉफ ने एक्सरे व प्लास्टर चढ़ाने के नाम पर तीन हजार रूपये जमा करा लिए। रात को यह कहकर रोक लिया कि सुबह डॉक्टर आएँगे। रात का कोई चार्ज नहीं लगेगा। आरोप है कि मंगलवार को दोपहर तक डॉक्टर नहीं आए, तो स्टाफ ऑपरेशन करने के लिए 45 हज़ार रूपये जमा कराने को दबाव बनाने लगे। उसका कहना है कि वह अस्पताल से किसी तरह निकल आया, तो अस्पताल के स्टॉफ ने उसकी पत्नी अनार कली और बेटों के साथ दुर्व्यवहार किया।

# बहेड़ी स्टेशन पर बनेगा फुटओवर ब्रिज

संवाददाता, बहेड़ी



बहेड़ी की जनता के बीच पहुंच कर पीलीभीत-बहेड़ी सांसद जितिन प्रसाद ने उनकी समस्या सुनी । • अमृत विचार

**अमृत विचार** :केंद्रीय राज्य मंत्री और बहेड़ी-पीलीभीत सीट से सांसद जितिन प्रसाद ने बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने का वायदा किया है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो को ऊँचा किए जाने के साथ स्टेशन पर और ज़रूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की उन्होंने बात कही।

नगर पालिका के सभासद और ज़िला योजना समिति के सदस्य दिनकर गुप्ता ने मंगलवार को यहाँ आए केंद्रीय राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग रखी। उन्होंने राज्य मंत्री को बताया कि तमाम यात्री प्लेटफार्म नम्बर दो से ट्रेन पकड़ने जान हथेली पर रखकर प्लेटफार्म कूदकर रेल की पटरी क्रॉस करते हैं। उन्होंने बताया कि इस काम में महिलाओं, बुज़ुर्गो और बच्चों को बेहद परेशानी होती है।

इसके बाद बहेड़ी बार के महासचिव दीप चंद पाण्डेय के आवास पर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज को लेकर पूछे सवाल पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि उनको फुट ओवर ब्रिज की ज़रूरत बताई गई है, और इसका निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्म नम्बर दो को ऊँचा कराने के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए और ज़रूरी काम भी कराने की बात कही। उन्होंने बार महासचिव दीप पाण्डेय को रेलवे स्टेशन पर वांछित चीज़ों का विवरण तैयार कर उनको देने को कहा।

बीजेपी नेता राजीव सिंह ने केसर क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनवाने के का काम में कोई प्रगति न होने की बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ओवर ब्रिज के निर्माण में काफी नुकसान होने की संभावना है, जिसको लेकर देर हो रही है। ज़िला योजना समिति के सदस्य दिनकर गुप्ता ने मोहल्ला रामलीला के बिजली के जर्जर तारों और ट्रांसफार्मरों को बदलवाने की भी मांग रखी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने यहाँ एसआईआर को लेकर भी बीजेपी कार्यकर्ताओं से जानकारी मांगी,जिसे अलोक गंगवार ने उसे संतोषजनक बताया।

### गृहकर की दरें कम कराने की मांग, दिया ज्ञापन

बहेड़ी,अमृत विचार :नगर पालिका की तरफ से लगाए गए बेतहाशा गृह कर का मामला ज़ोर पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका के सभासदों की तरफ से यह मामला मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद जितिन प्रसाद के सामने उठाया गया। शासन से गृह कर की दरें कम कराने का उनसे अनुरोध किया गया है।

नगर पालिका के सभासद और बीजेपी की स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक दिनकर गुप्ता ने बहेड़ी-पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को दिए पत्र में कहा है कि बहेड़ी नगर पालिका यहाँ के नागरिकों से ग्रहकर के रूप में अत्यधिक टैक्स वसूल रही है। बरेली ज़िले की आंवला और फरीदपुर नगर पालिकाओं के मुकाबले बहेड़ी में कई गुना टैक्स लिया जा रहा है, जिससे यहाँ रहने वाले, व्यापारी और तमाम लोग परेशान हैं। सभासद ने केंद्रीय राज्य मंत्री से प्रदेश शासन से गृह कर की दरें कम करवाने की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले में अपने स्तर से पूरे प्रयास करने का वादा किया। गौरतलब है कि बहेड़ी में गृह कर की बेतहाशा दरों का मामला अमृत विचार ने उठाया था, जिसके बाद से यह मामला लगातार ज़ोर पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका के तमाम सभासदों ने इस मामले को जनता के साथ नाइंसाफी बताते हुए इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करने की बात कही थी। सभासदों ने एसडीएम और डीएम को ज्ञापन दिए हैं। आज सभासद दिनकर गुप्ता ने यह मामला केंद्रीय राज्य मंत्री के सामने भी रख दिया। पिछले दिनों सपा विधायक अताउर रहमान ने भी यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था।

# काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

संवाददाता, देवरनियां



देवरनियां में काली पट्टी बांधकर एसआईआर का काम करते शिक्षक ।

अमृत विचार : 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट थोपना अन्याय है। सरकार को यह फैसला वापस लेना चाहिए। सरकार के इस फैसले के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने गकहा कि शिक्षक समाज का उत्पीड़न महंगा पड़ेगा।

जिस समय सरकार के जो प्रावधान रहे, उन्हीं में शिक्षकों को सर्विस मिली, 2011 से पहले टेट लागू था ही नही। एनसीटी ने 2017 में गुपचुप टेट अनिवार्यता हेतु सर्कुलर दिया, जिसको आधार बना कर सुप्रीम अदालत ने टेट अनिवार्यता का फैसला किया और सभी शिक्षकों को लपेटे में ले लिया। रविवार को एक्स पर विरोध दर्ज कराया गया था।

### टीईटी स्वीकार नहीं, आदेश वापस हो

शेरगढ़, परिषदीय शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों ने नो टीईटी बिफोर आरटीएक्ट अभियान से जुड़कर 23 से 25 फरवरी तक विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने का निर्णय लिया था। शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्ति की मांग की। इस अवसर पर शिव स्वरूप शर्मा,विशेष गंगवार,चंद्रशेखर मिश्रा,कांता प्रसाद गंगवार,सरल कुमार त्रिवेदी,मोहित शंखधार,मीनाक्षी तिक्खा,अताउर्रहमान,अभिषेक शर्मा,अभिनव उपाध्याय,विपिन शंखधार,किशोर सिंह चौहान,धर्मेंद्र कुमार तथा वीरेंद्र कुमार आदि समेत शिक्षक-शिक्षिकाओ ने टीईटी से छुटकारे की मांग की।

## सेंटर से चोरी हो गई गन्ना लदी ट्राली, रिपोर्ट दर्ज

**क्योलडिया, अमृत विचार** : धनौर जागीर क्रय केंद्र पर क्षेत्र के गांव केला डंडी के उमा चरन अपनी गन्ने से भरी ट्राली लेकर गन्ना तुलबाने सेंटर पर पहुंचा वहां पर भीड़ होने के बाद उसकी ट्राली का टोकन नंबर मिला इस पर वह ट्राली को भी गन्ना सेंटर पर खड़ी कर कर घर चला आया। ट्राली में लगभग 45 कुंतल गन्ना था। सुबह जब उमाचरन गन्ना सेंटर पर पहुंचा तो उसकी ट्राली गन्ना सेंटर पर नहीं थी। तहरीर पर गन्ना सेंटर इंचार्ज और चौकीदार के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फावड़े से हमला इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार**:रिश्तेदार द्वारा फावड़े से हमले में घायल ने एक माह तक उपचार होने के बाद अस्पताल में दम तोड़ा।

डिग्री कॉलेज के पास रहने वाली सुनीता देवी ने बताया था कि 25 जनवरी की सुबह उनके पति नरेश पाल पर रिश्तेदार वेदपाल ने अचानक फावड़े से हमला कर दिया। सुनीता देवी ने पुलिस को बताया वह हमारे यहां दो-तीन दिन से रुके थे। अचानक सुबह पांच बजे उसने मेरे पति के सिर पर वार कर दिया। सुनीता और बहू मौके पर मौजूद थे। खून से लथपथ पति को

घटना के बाद नरेश पाल को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया । डॉक्टरों ने सिर में गहरी चोटें बताई थीं। पुलिस में उसी दिन आरोपी वेदपाल पुत्र नारायण निवासी नगरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई करीब एक महीने तक इलाज चला, लेकिन 24 फरवरी क नरेश पाल ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज डायरी

### उपनिदेशक ने किसानों को मूंग और उड़द के बीज बांटे



**शेरगढ़, अमृत विचार** : उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने मंगलवार को ब्लॉक स्थित कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से कृषि संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ब्लाक के रजपुरा गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत कृषि यंत्रों का सत्यापन किया। उन्होंने कृषि कार्यालय पर फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की तथा किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रेरित करने के साथ ही सरकार की कृषि संबंधी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को प्रेरित किया। उन्होंने राजकीय कृषि बीज गोदाम पर किसानों को मूंग और उड़द का निशुल्क बीज वितरण किया। उन्होंने बहेड़ी ब्लाक का भी दौरा किया और किसानों से योजनाओं के बाबत जानकारी की। इस अवसर पर दर्शन लाल गंगवार, संजीव पटेल, नरेंद्र गंगवार, नितिन कुमार, शेर सिंह, विमल कुमार गंगवार ओम प्रकाश, गोकुल प्रसाद, मुरारी लल, हरीश कुमार, गंगा चरण, छत्रपाल आदि समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### मांस की अवैध दुकानों पर करें कार्रवाई, एसडीएम को ज्ञापन



**आंवला, अमृत विचार** : विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम. विदुषी सिंह को दिए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि क्षेत्र में कई जगह मांस बिक्री की दुकान है जो कि अवैध तरीके से चल रही हैं, धार्मिक स्थल के समीप मांस बिक्री दुकानों की दूरी नियमानुसार हो ।, नगर के कई स्थानों पर मांस खुले में बेचा जा रहा है । एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर संगठन ने आगे की रणनीति पर विचार करने की बात कही है ।ज्ञापन देने वालों में दुर्गेश सक्सेना ,आशीष हिंदू, आशीष त्रिपाठी , विमल त्रिपाठी , अभय चौहान, वैभव शर्मा , शिवम पाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

### केन्द्रीय मंत्री ने संघ और बीजेपी के दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि



**बहेड़ी , अमृत विचार** : केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पिछले दिनों दिवंगत हुए आरएसएस व बीजेपी से जुड़े लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को उनका यहाँ का कार्यकम इसी के मद्देनजर हुआ। केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता भी थे ।केंद्रीय राज्य मंत्री सबसे पहले उनई मकरुका गांव सुधीर चंद्र शर्मा के आवास पर पहुँचे, जहाँ उनकी दिवंगत पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वह सिंह गौटिया में हितेश गंगवार के आवास पर गए। यहाँ उनके पिता और आरएसएस ज़िला घुमन्तु प्रमुख टीका राम को श्रद्धांजलि दी। बहेड़ी बार के महामंत्री दीप चंद्र एडवोकेट के ताऊ को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहाँ से वह गांव ग्वारी मंडल अध्यक्ष वीर सिंह के आवास पर गए, और उनकी दिवंगत पत्नी को श्रद्धांजलि दी। यहाँ से गांव पचपेड़ा पहुंचकर मंडल उपाध्यक्ष योगेंद्र मौर्य की माता व दादा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की ।केंद्रीय मंत्री के साथ बीजेपी के ज़िला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, अतुल गर्ग, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी और भूपेंद्र कुर्मी, राहुल गुप्ता, अजय जायसवाल बॉबी, सुनील गंगवार, सुरेश गंगवार, जयेन्द्र पाल गंगवार, ओमवीर सिंह, महेश शर्मा, कमल सिंह, आलोक गंगवार, मनोज जौहरी और राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# बयाना लेकर रजिस्ट्री से मुकरा विक्रेता, शिकायत

**नवाबगंज,अमृत विचार:** जमीन खरीद-फरोख्त के एक मामले में बयाना लेने के बाद रजिस्ट्री न कराने पर पीड़ित ग्रामीण ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम ईंध जागीर निवासी शेर मोहम्मद के अनुसार ग्राम अंटंगा निवासी रहीश अहमद से 150 वर्ग गज प्लॉट का सौदा आठ लाख रुपये में तय हुआ था। बातचीत के बाद तय शर्तों के अनुसार शेर मोहम्मद ने आरोपी को एक लाख 20 हजार रुपये बतौर बयाना दे दिए। पीड़ित का कहना है कि बयाने की रकम जुटाने के लिए उसे अपना पहले से खरीदा हुआ प्लॉट भी कम दाम में बेचना पड़ा।

समझौते के मुताबिक निश्चित अवधि में जमीन का बैनामा शेर मोहम्मद के नाम होना था, लेकिन आरोप है कि समय सीमा बीतने के बाद भी विक्रेता रजिस्ट्री नहीं करा रहा है। इतना ही नहीं, बयाने में ली गई रकम लौटाने से भी इनकार कर रहा है और लगातार टालमटोल कर रहा है। ठगा महसूस कर रहे शेर मोहम्मद ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## बच्चों को लगाए खसरा के टीके

**शेरगढ़,अमृत विचार :** खसरा और रूबेला से बचाव को स्कूलों में टीकाकरण अभियान के तहत मंगलवार को युवा मंडल विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के 110 बच्चों को टीके लगाए गए। इस दौरान सीएचसी शेरगढ़ की एएनएम किरन सिंह ने बच्चों को टीके लगाए।

इस अवसर पर शिव ओम सिंह,सौरभ गंगवार,सपना देवल,कशिश चंद्रा,ओमप्रकाश, प्रताप सिंह, सोनी देवल,कौशिकी सिंह,मोनिका देवल,अलका गंगवार,प्रीति तोमर,शिखा गंगवार,महक चंद्रा,हुकुम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
पासपोर्ट S4806473 में मेरा नाम सैययद इनायत अली गलत अंकित हो गया है अब मैंने अपना नाम बदलकर सैययद इनायत अली से बदलकर मोहम्मद इनायत अली रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद इनायत अली नाम से जाना व पहचाना जाए। मोहम्मद इनायत अली पुत्र अफसर अली, मो. ऊपर पारा रजा कालोनी शहर व जिला बदायूं उ.प्र. 243601

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु अंजना सक्सेना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। नरायन दास पुत्र केसरी प्रसाद निवासी 130 सिविल लाइन्स, चौपला, बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### ईंट मारकर दांत तोड़ने का आरोप लगाया

**आंवला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बीहट की मचला देवी पत्नी विजय यादव उर्फ रतिभान ने बताया कि वह अपने घर पर थी । तभी उसका देवर रजनेश मेरे दरवाजे पर आकर गाली देने लगा । गाली देने से मना करने पर पति 40 वर्ष को लाठी डण्डो से व मेरी नावालिग वेटी को मारा पीटा तथा ईट फेंककर मुंह पर मार दी जिससे मेरी बेटी उम्र 11 वर्ष का दांत टूट गया व नावालिग बेटे के भी चोट आई है। मचला देवी ने बताया कि उसने सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का शिकायती पत्र प्राप्त नही हुआ है। शिकायती पत्र मिलने पर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक हिरासत में

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बुखारपुर गांव निवासी राहुल द्वारा सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी राहुल को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### युवक की गोली मारकर हत्या में दो को उम्रकैद

**बरेली, अमृत विचार :** दस वर्ष पुराने हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-3 ने थाना बिथरी चैनपुर के ग्राम तैयतपुर निवासी शिवकुमार उर्फ शिब्बा और पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुसराहा निवासी हरिओम उर्फ बिट्टन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अभियोजन के अनुसार 19 अप्रैल 2016 की रात करीब 2 :30 बजे दोनों आरोपी घर में घुस आए और अनुराग मोहन को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता वीरेन्द्र ने प्रेम प्रसंग को लेकर रंजिश का आरोप लगाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल किया और अदालत में 10 गवाह पेश किए, जिनके आधार पर सजा सुनाई गई।

### होली के जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** होली पर्व को साकुशल संपन्न कराने के लिए सीओ नीलेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह भौआबाजार पहुंचे और वहां होली जुलूस के आयोजिकों से वार्ता की और होली के जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही कहा की खुराफात करने वाले बक्से नहीं जाएंगे आयोजकों से कहा कि जुलूस को शांतिपूर्वक निकाले हुड़दंग करने वाले भी बक्से नहीं जाएंगे साथ ही जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जाएगी इस दौरान ग्राम प्रधान लल्ला खां प्रधान रविंद्र कुमार गंगवार प्रेमपाल कश्यप ठाकुरदास अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# केसर मिल में पेराई बंद होने का एलान

## इस सीजन में चीनी मिल में 55 लाख कुंतल ही गन्ने की पेराई हो पाई

संवाददाता, बहेड़ी



केसर चीनी मिल में पेराई बंद होने से बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

- मिल ने इस साल 5 लाख 60 हजार बोरे चीनी बनाई
- 98 दिन चला मिल का पेराई सत्र 27 क्रय केन्द्र इस बार कटे
- 143 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं होने पर कम हुए सेंटर

**अमृत विचार :** केसर शुगर मिल मंगलवार की सुबह बंद हो गई। मिल ने इस सीजन में 55लाख 30 हज़ार कुंटल गन्ना पेराई किया। 98 दिन चले इस पेराई सत्र में केसर मिल के सामने सबसे बड़ा संकट उसके करीब 27 गन्ना क्रय केन्द्रों का कट जाना था। मिल पर इस सीजन का करीब 35करोड़ रुपया बकाया रह गया है।

मंगलवार की सुबह 4:45 बजे एक लम्बी सीटी के साथ मिल के पेराई सत्र के समाप्त किए जाने का एलान हुआ।मिल ने इस साल करीब 5लाख 60हज़ार बोरे चीनी बनाई। पिछले सीजन में मिल ने करीब 59लाख कुंटल गन्ना पेराई किया था, और इस बार 55 लाख ही पेराई हो पाई। हालांकि पिछले साल के मुकाबले 27 सेंटर कम थे। पिछले साल का करीब 143 करोड़ रुपया भुगतान न कर पाने के चलते शासन ने केसर के 27 सेंटर कम कर दिए थे। इस हिसाब से देखें तो इस साल मिल पिछले सीजन के मुकाबले अच्छी चली, और अगर सभी सेंटर केसर के पास रहते तो पेराई का आंकड़ा 80लाख कुंटल को क्रॉस कर जाता।

केसर के सीईओ शरत मिश्रा का कहना है कि किसानों ने उनको भरपूर सहयोग दिया, जिसके चलते काफी बड़ी संख्या में सेंटर कम होने के बावजूद 55 लाख कुंटल गन्ना पेराई हो गया। उन्होंने कहा कि इस साल का बकाया पैसा चीनी और शीरे की बिक्री व बिजली का पैसा मिलते ही किसानों को दे दिया जाएगा। पिछले साल का भुगतान भी जल्द करने की कोशिश हो रही है।

## अवैध तमंचों के साथ दो गिरफ्तार

**देवरनियां, अमृत विचार :** पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर आरोपियों को अवैध तमंचों और जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है।

देवरनिया पुलिस टीम द्वारा की जा रही वाहनों की चेकिंग के दौरान वसुपुरा फाटक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। पूछताछ में उसने अपना नाम उवैस पुत्र यासीन निवासी ग्राम गुनाहट्टू, कोतवाली देवरनिया, बताया। उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। दूसरी कार्रवाई में देवरनिया से गुलाबनगर जाने वाली सड़क पर पुलिस ने आरिफ पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम गुनाहट्टू, देवरनिया को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद किए गए।

## विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, दी तहरीर

संवाददाता, दुनका



मृतका सुनीता।

**अमृत विचार :** शाही के गांव मांडवा बंशीपुर में विवाहित की संदिग्ध स्थिति में मौत पर पिता ने पुत्री की हत्या की आशंका जताते हुए पति सहित चार लोगों के विरुद्ध पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। शाही थाना क्षेत्र के गांव धनेली निवासी मक्खन लाल ने पुत्री सुनीता का विवाह आठ माह पूर्व शाही के गांव मडवा बंशीपुर निवासी रामपाल पुत्रमंगल सेन के साथ दान दहेज के साथ किया था। पिता ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही सुनीता के साथ ससुराल वाले मारपीट करने लगे। इस बात की शिकायत उनकी पुत्री ने कई बार अपने पिता और परिजनों से की । मायके वाले कई बार दामाद रामपाल और उसके घर वालों को समझाकर भी आए लेकिन ससुराल के लोग नहीं माने। मंगलवार को सुनीता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। सूचना मिलने से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था। सूचना मिलते ही शाही पुलिस मौके पर पहुंच गई । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर में पति रामपाल, ससुर मंगल सेन , सास गंगा देई , नंद प्रीति , सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# यूनिसन अस्पताल पर दर्ज हुई रिपोर्ट

- परिजन ने गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी का यूनिसन अस्पताल बिना पंजीकरण के ही चल रहा था। एक महिला की मौत की खबर अख़बार में छपने के बाद इस अस्पताल को स्वास्थ विभाग ने सील कर दिया था। विभाग को मंगलवार को पता चला कि अस्पताल का सी एम ओ ऑफिस में पंजीकरण ही नहीं है। डिप्टी सीएमओ ने मंगलवार को इस अस्पताल के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर यूनिसन अस्पताल का संचालन एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। काफी अरसे से यह अस्पताल बाई पास रोड़ पर धड़ल्ले से खुलेआम चल रहा है। विभाग के तमाम अफसर रोज़ाना इस अस्पताल के सामने से गुज़रते हैं, लेकिन किसी को यही नहीं पता कि इस अस्पताल का पंजीकरण है या नहीं।

19 फरवरी को इस अस्पताल में एक महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। 20 फरवरी को अख़बार में खबर छपने के बाद डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अमित कुमार ने अस्पताल का निरिक्षण किया, और अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की। सील की कार्रवाई के चार दिन बाद मंगलवार को डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अमित ने कोतवाली में यूनिसन अस्पताल के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि अस्पताल का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण ही नहीं है। रिपोर्ट में डॉक्टर अमित ने उल्लेख किया है कि वह अस्पताल पंजीकरण के प्रभारी हैं।

अब सवाल उठता है कि जब डॉक्टर अमित पजीकरण प्रभारी हैं, तो उनको 20फरवरी को यह बात क्यों पता नहीं थी कि इस अस्पताल का पंजीकरण हुआ ही नहीं है। इस बात का पता लगाने में 4दिन क्यों लग गए। मज़ेदार बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग को यह भी पता नहीं चल पाया कि अस्पताल का संचालक, मैनेजर या डॉक्टर का नाम क्या है? रिपोर्ट में सिर्फ संचालक /मैनेजर लिखा गया है? क्या यह भी विभाग का झोलाछाप को राहत देने का काम तो नहीं।

## आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों पर खतरा



शेरगढ़ के बैरमनगर में बच्चों की जान से खुला खिलवाड़ हो रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र की चहारदीवारी के भीतर ही ट्रांसफार्मर ठोंक दिया गया। 150 से ज्यादा मासूम उसी के आसपास बैठते हैं, वहीं राशन बंटता है, टीकाकरण में भीड़ लगती है और तार घरों के ऊपर से गुजर रहे हैं। हैरानी यह कि परिसर में विद्युत कनेक्शन तक नहीं। अफसर चुप हैं और जनप्रतिनिधि मौन। बच्चों के सिर पर हर पल खतरा मंडरा रहा है। ● अमृत विचार

## पार्किंग से बुलेट गायब, प्रबंधन पर शक

**नवाबगंज, अमृत विचार:** शादी समारोह की रौनक के बीच एक युवक की बुलेट मोटरसाइकिल गायब हो गई। मामला थाना क्षेत्र के कुंडरा कोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल का है, जहां समारोह में शामिल होने पहुंचे युवक की बाइक पार्किंग से चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बैंक्वेट हॉल के मैनेजर और एंबुलेंस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रामनगर गौटिया, थाना देवरनियां निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र राजवीर लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 फरवरी की रात एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। उसने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल बैंक्वेट हॉल की पार्किंग में खड़ी की और कार्यक्रम में शामिल हो गया। जब वह वापस लौटा तो बाइक वहां से गायब थी।पीड़ित ने दोनों नामजद लोगों पर मोटरसाइकिल गायब कराने का संदेह जताया है।

# एसबीआई ने बुखारा में खोली नई शाखा



एसबीआई की नई शाखा का उद्घाटन करते सीजीएम दीपक कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुखारा में सोमवार को अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि नई शाखा से क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों और लघु व्यवसायियों को बेहतर और सुगम बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। नई शाखा में जमा खाते, ऋण सुविधाएं, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं और विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एसबीआई ने वित्तीय समावेशन, ग्राहक सेवा और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस अवसर पर एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की तैयारी

**मीरगंज, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन मीरगंज के पदाधिकारियों द्वारा बार एसोसिएशन मीरगंज के वार्षिक चुनाव 2026 को संपन्न कराने हेतु श्री देवेश शर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं जयदीप सिंह गंगवार को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किये जाने पर अधिकार पत्र, एजेंडा, कार्यबाही रजिस्टर प्रदान किया गया।ज्ञात हो कि बार एसोसिएशन क़ी २० फरवरी क़ी मीटिंग मे दोनों को सर्व सम्मति से चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया था।

इस अवसर पर बार के पदाधिकारियों सहित सभी अधिवक्ता गणों ने चुनाव अधिकारिओ का फूल मालाओ से स्वागत किया।चुनाव अधिकारी शीघ्र ही सभी क़ी सुविधा नुसार कार्यक्रम घोषित कर चुनाव संपन्न कराएँगे।

## 2 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी ।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ किला पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

किला थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने स्वालेनगर टंकी के पास एक आरोपी को हिरासत में लिया। चेकिंग के दौरान आरोपी के पास से 2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फरदीन उम्र 20 साल निवासी सानिया रानी थाना सीबीगंज बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### गांजा बेचने जा रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**मानपुर :** संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही मानपुर चौकी पुलिस ने गांजा बेचने जा रहे ग्रामीण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मानपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार धामा ने बताया कि वह संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। ग्राम मनकरा के पास से सफेद थैला लिए जा रहे ग्रामीण को रोककर तलाशी ली। तलाशी में थैले में रखा अठारह सौ ग्राम गांजा बरामद कर थाना देवरनियां के ग्राम गुनाहट्टू निवासी चाँदबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सब्जी मंडी की जमीन का सीमांकन करने का आदेश

**नवाबगंज, अमृत विचार:** कस्बे की चर्चित सब्जी मंडी एक बार फिर प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में आ गई है। वैष्णव मंदिर के संरक्षक एवं रामचरित मानस सेवा समिति के अध्यक्ष नानक चन्द द्वारा दायर याचिका पर एसडीएम कोर्ट ने भूमि सीमांकन के आदेश जारी किए हैं।

समिति की ओर से 11 फरवरी को एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत याचिका में गाटा संख्या 563, एनजेडए बिजौरिया उर्फ नवाबगंज की भूमि का सीमांकन कराने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद एसडीएम ने तहसीलदार को संबंधित स्थल पर पहुंचकर भूमि की कच्ची तूदावंदी (अस्थायी सीमांकन) कराने तथा 15 दिन के भीतर अपनी आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश 12 फरवरी को जारी किया गया।

**ग्राउंड रिपोर्ट** | नवाबगंज के बेसिक शिक्षा परिषद के 222 स्कूलों में 30 की पड़ताल : 165 शिक्षकों में 128 बीएलओ, बोर्ड ड्यूटी, सीसीएल और मेडिकल पर

# कॉन्वेंट जैसी शिक्षा के दावे हवा, एक शिक्षक करा रहा पांच कक्षाओं में पढ़ाई

राजू गंगवार / नवाबगंज



गेलाडांडी स्कूल में तीन कक्षाओं में अकेले शिक्षक मिले। ● अमृत विचार

- परिषदीय बच्चों को निपुण बनाने की कार्रवाई कागजों में बेहतरीन
- कहीं एक शिक्षक स्कूल खोलकर 450 बच्चों को शिक्षा दे रहे तो कहीं 185 बच्चे को पढ़ा रहे

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय स्कूलों में इन दिनों शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती नजर आ रही है। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों पर बच्चों को निपुण बनाने अफसरों का दबाव है लेकिन अफसर बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता नहीं देकर अन्य कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को वरीयता देते हैं। अभी तक बीएलओ कार्य में शिक्षक लगे थे अब यूपी बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में भी शिक्षकों को लगा दिया गया है। इसके बाद सीसीएल और मेडिकल लीव भी शिक्षकों को देय है। नवाबगंज क्षेत्र में मंगलवार को 30 विद्यालयों में जाकर स्थिति देखी तो परिषदीय स्कूलों की शिक्षा वरीयता वाली नजर नहीं आई। 30 स्कूलों की ग्रांउड रिपोर्ट में 165 शिक्षकों की तैनाती में स्कूलों में 3291 बच्चे पंजीकृत मिले। लेकिन वास्तविकता यह मिली कि 128 शिक्षक बीएलओ, परीक्षा डयूटी, सीसीएल और मेडिकल लीव पर मिले। ऐसे में एक शिक्षक पर 100 से ज्यादा बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी आ गई है।

सरकार द्वारा बेसिक स्कूलों को कांवेंट स्कूलों की तर्ज पर विकसित करने, स्मार्ट क्लास, बेहतर परिणाम और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। शिक्षकों की भारी कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि जब अधिकांश शिक्षक परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त हैं तो स्कूलों में बच्चों को केवल बैठाकर समय पूरा कराया जा रहा है।

स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब कई शिक्षक चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) पर भी चल रहे हैं। सीसीएल देने में भी अफसरों की मनमानी चल रही है। बोर्ड ड्यूटी, बीएलओ के बीच सीसीएल मंजूर करने में अफसरों ने मनचाही मंजूरी दे दी है। ऐसे में शेष बचे शिक्षकों पर दोहरी जिम्मेदारी आ जाती है। एक ही शिक्षक को अलग-अलग कक्षाओं को एक साथ संभालना पड़ रहा है, जिससे न तो किसी विषय की ठीक से पढ़ाई हो पा रही है और न ही बच्चों की शंकाओं का समाधान।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बोर्ड परीक्षाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन परिषदीय स्कूलों की नियमित पढ़ाई की अनदेखी भी उचित नहीं है। यदि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों की नींव कमजोर रह जाएगी तो आगे चलकर शैक्षिक परिणामों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अभिभावकों ने मांग की है कि परीक्षा ड्यूटी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए या फिर स्कूलों में अतिरिक्त अस्थायी शिक्षकों की तैनाती की जाए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। फिलहाल परिषदीय स्कूलों के बच्चे शिक्षकों की कमी का खामियाजा भुगत रहे हैं और कांवेंट जैसी शिक्षा का सपना केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है।

> खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव ने बताया की शासन की मंशा के अनुरूप बी एल ओ और बोर्ड एग्जाम ड्यूटी में शिक्षक लगाए गए हैं। इसमें वह कुछ नहीं कर सकते हैं। सब डीएम कार्यालय स्तर से हो रहा है। सीसीएल मंजूर करते समय स्कूल में शिक्षक की स्थिति के बारे में वह कुछ नहीं बता सके यह बताया कि सीसीएल वह फारवर्ड करते तो बीएसए कार्यालय से मंजूर होती है। सीधे बीएसए स्तर से कोई सीसीएल मंजूर नहीं होती है। -सत्यदेव, खंड शिक्षा अधिकारी

### यहां भी स्थिति चिंताजनक

उच्च प्राथमिक विद्यालय आसपुर हसन अली (133 छात्र,तीन शिक्षक ), बीजामऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय (149 छात्र, तीन शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय बिजौरिया (128 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय याकूबपुर (163 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय त्यार जागीर (112 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय बसेंगा (65 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय बथुआ नवादा (65 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय विशनपुर (39 छात्र, एक शिक्षक), प्राथमिक विद्यालय अधकटा नजराना, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरी, प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर आदि में भी शिक्षकों की संख्या सीमित रह गई है।

### सबसे गंभीर स्थिति

- कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ेपुरा में 11 शिक्षक हैं, 3 बीएलओ, 5 बोर्ड ड्यूटी, एक मेडिकल, एक सीसीएल पर यहां 443 बच्चों को एक शिक्षक देख रहे। इतने बच्चों को अकेले संभालना मुश्किल।
- बहोरनगला प्राथमिक विद्यालय 6 शिक्षक। एक बीएलओ, दो बोर्ड ड्यूटी। 122 बच्चों के लिए 2 शिक्षक मौजूद मिले
- गंगापुर प्राथमिक विद्यालय में चार शिक्षक - दो सीसीएल, दो बीएलओ। 115 बच्चों की शिक्षा की चिंता नहीं। बीएलओ के काम से समय मिलने पर वही स्कूल आ जाते है। लेकिन स्कूल रोज खुल रहा। मिडडे मील भी बन रहा।
- औरंगाबाद प्राथमिक विद्यालय में छह में से तीन बीएलओ, दो बोर्ड ड्यूटी। अकेले शिक्षक पर 108 बच्चों की जिम्मेदारी
- कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भोलापुर 10 शिक्षक चार बीएलओ चार बोर्ड ड्यूटी। दो शिक्षक आठ कक्षाएं और 206 बच्चों की जिम्मेदारी।
- उच्च प्राथमिक विद्यालय ज्योरा मकरंदपुर सात में दो बीएलओ, चार बोर्ड ड्यूटी, एक शिक्षक पर तीन कक्षाओं के बच्चों की जिम्मेदारी।
- गेला टांडा प्राथमिक छह शिक्षकों में से दो बीएलओ तीन बोर्ड ड्यूटी एक मेडिकल लीव पर। बीएलओ ड्यूटी से राहत मिली तो एक कमरे में तीन कक्षाओं के बच्चे बैठाकर पढ़ाते मिले शिक्षक। बच्चे एकाग्र होकर क्या पढ़ते होगें खुद समझा जा सकता है।
- उच्च प्राथमिक विद्यालय गेला टांडा में चार शिक्षक दो बीएलओ एक सीसीएल और एक बोर्ड ड्यूटी में। यहां बीएलओ इदरीश अहमद 107 बच्चों को देखते मिले।

# देवर पर भाभी व बच्चों से छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, नवाबगंज

- महिला ने देवर पर मारपीट करने की थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने देवर पर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मामले में पीड़िता थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

पीड़िता का आरोप है कि उसका देवर लंबे समय से उसके और उसके बच्चों के साथ आए दिन झगड़ा करता है। गाली-गलौज और मारपीट से परेशान होकर उसने पूर्व में भी 13 मई को थाना नवाबगंज में शिकायत की थी, जिसके बाद वह अपने दूसरे मकान में रहने लगी थी।

इसके बावजूद आरोप है कि देवर वहां भी पहुंचकर विवाद करता रहा। 23 फरवरी की शाम करीब चार बजे जब महिला घर से बाहर घास लेने गई हुई थी, उसी दौरान आरोपी घर पहुंचा और बच्चों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसने गलत नीयत से छेड़छाड़ भी की।

घर लौटने पर बच्चों से घटना की जानकारी मिलने पर जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने लाठी-डंडे से मारपीट की, जिससे उसे शरीर में चोटें आई हैं।

पीड़िता ने थाना नवाबगंज पहुंचकर तहरीर दी है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. गरिमा जौहरी
देहावसान-25.02.2022

आज ही के दिन आप हम सभी को रोता-बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से चली गई थी। आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी आपको स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत:-

राजेश कुमार जौहरी (LIC-Assistant Administrator Officer) (पिता), सन्तोष जौहरी (माता)
शेखर सक्सेना (पति), अभिषेक जौहरी-अंशु जौहरी (भाई-भाभी) एवं समस्त परिवार व मित्रगण
गली नं. 4, सर्वोदय नगर, सुभाष नगर, बरेली। मो. 9639974059

